Farrukhabad. A preliminary engineering-cum-traffic survey for theh construction of a new BG line from Guna to Etawah via Shivpuri, Gwalior and Bhind has been included in the current year's budget at a cost of Rs. 20 lakhs with an initial outlay of Rs. 4 lakhs. This proposal envisages the conversion of the existing narrow-gauge line between Gwalior and Bhind.

कोटा-नीमच रेल लाइन

6233. प्रो. निर्मला कुमारी शेखावत:
श्री कृष्ण कुमार गोयल :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चित्तौडगढ होकर कोटा-नीमच लाइन, जो दक्षिणी राजस्थान को मिलाने वाली पहली बडी लाइन होगी, का प्रारम्भिक सर्वेक्षण कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सर्वेक्षण प्रतिवेदन की प्रती सभा पटल पर रखी जायेगी;

(ग) क्या यह लाइन कोटा से चित्तौडगढ और चित्तौडगढ से नीमच तक होगी, और

(घ) इन स्थानों के बीच पडने वाले स्टेशनो के नाम क्या हैं तथा उनसे किन-किन क्षेत्रों को जोडा जायेगा और इस बारे में पूरा ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) कोटा से चित्तौड़गढ़ तक नयी बडी लाइन के निर्माण और चित्तौड़गढ़ से नीमच तक एक समानान्तर बडी लाइन बिछाने के लिए अंतिम मार्ग-निर्धारण सर्वेक्षण किया जा रहा है।

(ख) जी नही, क्योंकि सर्वेक्षण रिपोर्टें केवल प्रशासनिक उपयोग के लिए होती ।

(ग) और (घ). केवल अंतिम मार्ग-निर्धारण से पता चलेगा कि यह लाइन किस मार्ग पर बिछायी जायेगी और मार्ग में कौन-कौन से स्टेशन पडेंगे ।

कर्मचारी राज्य बीमा योजना दिल्ली के औषधालयों में तदर्थ डाक्टर

6234. श्री सुन्दर शर्मा: क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्मचारी राज्य बीमा योजना, दिल्ली के अंतर्गत चल रहे औषधालयों में 30 जून, 1980 को तदर्थ आधार पर कितने डाक्टर कार्य कर रहे थे;

(ख) क्या सरकार ने उनकी सेवाओं को नियमित करने के लिए कोई योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उन्हें स्थायी कब तक कर दिया जायेगा?

श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी. अंजैया): (क) कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने सूचित किया है कि दिल्ली में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत चल रहे औषधालयों और अस्पतालों में सदर्थ आधार पर 188 चिकित्सा अधिकारी काम कर रहे हैं ।

(ख) और (ग). कर्मचारी राज्य बीमा निगम में चिकित्सा अधिकारियों के पदों पर सभी नियमित नियुक्तियां संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती हैं। आयोग ने हाल ही में एक विज्ञापन जारी करके वर्तमान रिक्तियों को भरने के लिए आवेदन-पत्र मांगे थे। आशा है कि नियमित नियुक्ति के लिए उम्मीदवारो का चयन शीघ्र ही किया जाएगा।

Opening of a Biological Laboratory in Government Medical Store Depot Madras

6235. SHRI THAZHAI M. KARUNANITHI: Will the Minister of HEALTH be pleased to state:

(a) how many drug testing laboratories are functioning in India under his Ministry and the details thereof, State-wise;